नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

आज सीएम करेंगे शिलान्यास

ग्वालियर-चंबल को मिलने जा रहा क्षेत्र का पहला सीमेंट प्लांट, अदाणी समूह का निवेश

ग्वालियर, 09 मई. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 मई, रविवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ गुना में अडानी सीमेंट प्लांट का शिलान्यास एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे.इस अवसर पर अदाणी समूह के प्रमुख एवं देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अदाणी की विशेष उपस्थिति रहेगी।

यह परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.

उल्लेखनीय है कि अडानी समूह द्वारा गुना क्षेत्र में लगभग 3500 करोड़ के निवेश का संकल्प लिया गया है, जिसके अंतर्गत लगभग 1100 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक सीमेंट प्लांट की स्थापना की जा रही है.यह निवेश केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रत्यक्ष प्रयास और अदानी समूह के साथ निरंतर साझेदारी का परिणाम है.इस प्लांट के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सतत प्रयास किए है और भूमि आवंटन और राज्य स्तर सभी जरूरी प्रक्रियाओं को सुगम बनाया है. यह निवेश केवल उद्योग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने वाला कदम है, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे.कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ वितरण भी किया जाएगा।

जनसभा एवं रोड शो होगा

विकास, रोजगार एवं औद्योगिक प्रगति के नए अध्याय के शुभारंभ अवसर पर 1000 करोड़ रुपये के विशाल सीमेंट प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर रोड शो भी होगा जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ गौतम अदाणी भी शिरकत करेंगे.सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया गया है है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा गुना के विकास के इस स्वर्णिम क्षण के साक्षी बनें.उक्त कार्यक्रम कल 10 मई, रविवार को दशहरा मैदान, गुना में दोपहर 2 बजे होगा. इस अवसर पर प्रदेश शासन के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद एवं जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहेंगे

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट

भोपाल. उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा एवं एनडीए को मिले प्रचंड जनादेश की बधाई दी एवं उनका अभिनंदन किया. यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं भाजपा की रीति-नीति पर जनता के विश्वास का परिलक्षण है.

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब ने पीतांबरा पीठ पर की पूजा

ग्वालियर, 9 मई. आज शनिवार को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब दतिया पहुँचे, जहाँ उन्होंने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मज़बूत बनाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी ली. इसके बाद वरिष्ठ नेताओं के साथ पवित्र पीतांबरा पीठ में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. इसके बाद वे डबरा रवाना हो गए जहां युवक कांग्रेस द्वारा आयोजित की जा रही पंचायत में शिरकत करेंगे.

कुएं में गिरी तीन नीलगाय दो घंटे के रेस्क्यू के बाद सुरक्षित बाहर निकाला

शाजापुर. जिले के ग्राम कलवा में शुक्रवार रात तीन नीलगायें एक कुएं में गिर गईं. ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने करीब दो घंटे के रेस्क्यू आपरेशन के बाद तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, ये गायें रातभर कुंए में रही. सुबह ग्रामीणों ने इनकी आवाज सुनी तब ऑपरेशन शुरू हो सका. ये नीलगायें किसान कमल पिता मानसिंह के खेत पर बने कुएं में गिबर गई थी. शनिवार दोपहर ग्रामीणों ने कुएं से उनकी आवाज सुनीं और तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम डिप्टी रेंजर अशोक बघेल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची. सुबह करीब 11 बजे टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया. कुएं में पानी भरा होने के कारण नीलगायें काफी देर तक उसमें फंसी रहीं, जिससे बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया था.

105 किमी सड़क उन्नयन को हरी झंडी

14 वर्षों से निर्माणाधीन सीधी-सिंगरौली सड़क, एनएचएआई से कार्य को मंजूरी

सिंगरौली, 9 मई. सीधी-सिंगरौली नेशनल हाईवे-39 निर्माणाधीन फोरलेन कार्य शुरू करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकारण यानी एनएचएआई से आदेश जारी कर दिया गया है. यह सड़क 14 वर्षों से निर्माणाधीन है और यह तीसरी बार टेंडर जारी हुआ है. सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने उक्त पत्र को सोशल मीडिया पर साझा किया है.

जानकारी के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सीधी-सिंगरौली मार्ग एनएच 39 के उन्नयन और पुनर्वास कार्य को लेकर बड़ा फैसला लिया है. प्राधिकरण द्वारा 8 मई को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत शेष कार्यों को शुरू करने की अनुमति दे दी गई है. यह कार्य लगभग 105.59 किलोमीटर लंबाई में सड़क को फोरलेन में विकसित करने से जुड़ा है, जिसमें पक्के शोल्डर भी शामिल होंगे. आदेश में बताया गया कि अनुबंध की धारा 41.1 के तहत सक्षम प्राधिकारी ने आज 9 मई से कार्य प्रारंभ करने की मंजूरी प्रदान कर दी है.

अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर से 7 हस्तनिर्मित पिस्टल, 2 खाली मैगजीन जप्त

बुरहानपुर. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध हथियार निर्माण, क्रय.विक्रय, परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है . अति पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपीनेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना खकनार पुलिस को अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्कर को पकडने में सफलता प्राप्त हुई है. थाना प्रभारी अभिषेक जाधव एवं प्रआर मेलसिंह सोलंकी को अवैध हथियार तस्कर के संबंध में मुखबीर सूचना प्राप्त हुई थी.

मावड़ियापुरा में तेंदुए का आतंक, गांव में दहशत

बाग, 9 मई . भीषण गर्मी के चलते तेंदुए के आने की आहट ग्रामीण क्षेत्रो से सुनाई दे रही है. कहीं पर तो इन तेंदुओं द्वारा मवेशियों पर हमले कर उन्हें निशाना भी बनाया जा रहा है. बाग समीप ग्राम पंचायत बांदा में के मावड़ियापुरा में गुरुवार रात्रि को बाड़े में बंधे एक बैल को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया.

तेंदुए के इस हमले में बैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मावडयिापुरा निवासी कनसिह नानका ने बताया की रोज की तरह मेने अपने बैल को बाड़े में बांध रखा था . तेंदुआ रात्रि को न जाने कहां से आया और बाड़े के अंदर घुसकर बंधे बैल पर हमला करते हुए उसने उसकी गर्दन को लपका मारते हुए उसे दबोचा दिया जिस पर बैल की चित्कार निकली उसी चित्कार को सुनकर में चौक गया और बहार आकर देखा तो तेंदुए ने बैल की गर्दन को पकड़ रखा था . जिसे देखकर में घबरा गया मकान भी एक तरफ था और कोई आसपास भी नहीं था जिन्हें बुलाए ओर ये डर के कारण वापस घर में घुस गया .

ओर उसी के कारण बैल को बचाने में असमर्थ रहा में . सुबह जिसकी सुचना वन विभाग को मेरे द्वारा दी गई. बैल की मौत की सुचना सुन पशू चिकित्सक डॉ सुनील बड़ोले अपनी टीम को लेकर घटना स्थल आज ओर निरीक्षण किया डॉ बड़ोले ने तेंदुए कि हमले की पुष्टि करते हुए बताया की बैल की गर्दन पर तेंदुए के दांत और नाखून के निशान हैं .

क्रूज हादसा : चश्मदीदों समेत 15 के बयान दर्ज

जबलपुर, 9 मई.बरगी बांध में 30 अप्रैल की शाम तेज आंधी चलने से खमरिया टापू के पास पर्यटकों से भरा क्रूज डूबने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल तेज कर दी है.शुक्रवार को मैकल रिसोर्ट के कर्मचारियों, जिम्मेदारों, चश्मदीदों समेत अन्य के बयान दर्ज किए गए.क्रूज चालक महेश पटेल, हेल्पर छोटेलाल गोड समेत कुल 15 लोगों के बयान दर्ज हुए है.

विदित हो कि बरगी बांध में 30 अप्रैल को पर्यटकों ने खुशी-खुशी डबल डेकर क्रूज का लुत्फ उठाने पर्यटक बांध की सैर पर निकले थे.क्रूज बांध की लहरों पर हिचकोले खाते हुए आगे बढ़ा, शाम शाम 5:50 बजे अचानक आंधी चलने के बाद क्रूज हिलने लगा, निचले हिस्से में पानी भरने लगा.संतुलन बिगड़ा क्रूज एक तरफ झुका और शाम 6 बजे पानी में डूब गया था.क्रूज की कुल क्षमता 70 सीट थी.इस हादसे में आठ महिला, चार बच्चों सहित 13 व्यक्तियों की मौत हो गयी थी.रेस्क्यू ऑपरेशन कर 28 व्यक्तियों को बचा लिया गया था.रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान क्रूज को बाहर निकाल लिया गया था और सर्चिंग कार्य के दौरान उसे टुकडो में काट दिया गया था.मामले में जिला न्यायालय ने संज्ञान लिया था.चालक सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ बरगी थाना प्रभारी को दो दिनों में धारा 106 भारतीय न्याय संहिता 2023 और धारा 110 के तहत अपराध दर्जन आदेश दिया था.

अवमानना मामला | पूर्व के आदेश का पालन नहीं करने पर हाईकोर्ट सख्त

सीएस सहित 3 अधिकारियों के खिलाफ जमानती वारंट

जबलपुर, 9 मई. मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर की गयी अवमानना याचिका पर सख्त रूख अपनाया है. जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले में एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, आयुक्त दिलीप कुमार सिंह और जिला उद्योग केंद्र रीवा के जनरल मैनेजर राहुल दुबे के खिलाफ 25-25 हजार रुपये के जमानती वारंट जारी किये हैं.

न्यायालय ने भोपाल और रीवा एसपी को वारंट तामील कराने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 मई को निर्धारित की है. जिला उद्योग केंद्र रीवा में पदस्थ असिस्टेंट मैनेजर जयप्रकाश तिवारी की तरफ से दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि वह मैनेजर पद पर प्रमोशन पाने के पात्र थे, लेकिन विभाग की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा था, जिस पर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी. न्यायालय ने नवंबर 2024 को आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को नब्बें दिनों के भीतर उनकी पदोन्नति पर फैसला लेने के निर्देश दिए थे. उक्त समयावधि बीत जाने के बावजूद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब यह अवमानना का मामला दायर किया गया. जिसमें एमएसएमई मंत्रालय के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, आयुक्त दिलीप कुमार सिंह और जिला उद्योग केंद्र रीवा के जनरल मैनेजर राहुल दुबे को पक्षकार बनाया गया था.

हाईकोर्ट ने जारी किया था जमानती वारंट

अवमानना याचिका का निराकरण होने के बावजूद भी पुलिस के द्वारा महिला रजिस्ट्रार को गिरफ्तार कर पेश किया गया. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक मिश्रा ने सुनवाई के दौरान पाया कि पूर्व में महिला रजिस्ट्रार के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया था. कोर्ट के सामने जबरदस्ती पेश करने के निर्देश जारी नहीं किये गये थे. हाईकोर्ट ने महिला सब इंस्पेक्टर तथा एसडीओपी चित्रकूट को व्यक्तिगत रूप से तलब किया गया था. पुलिस अधिकारियों की तरफ से बताया गया कि महिला रजिस्ट्रार ने बेल बॉन्ड नहीं भरा है. उनकी तरफ से हलफनामा पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया. एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 13 मई को निर्धारित करते हुए दोनों पुलिस अधिकारी को सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के आदेश जारी किये.